एन एम डी सी
NMDC

# बैला समाचार

बैलाडीला लौह अयस्क खान, किरन्दुल काम्प्लेक्स

मार्च, 2023

## मुख्य महाप्रबंधक का संदेश




प्रिय साथियों,

आपको बताते हुए बेहद खुशी हो रही है कि हमारी परियोजना ने उत्पादन के कई सर्वश्रेष्ठ कीर्तिमानों को हासिल करते हुए 31.3.2023 तक उत्पादन में 149.24 लाख टन, प्रेषण 142.04 लाख टन का निष्पादन किया है। इसी प्रकार परियोजना ने वर्ष 2023 में स्थापना से लेकर अब तक किसी भी साल में उत्खनन 175.77 लाख टन, साल के किसी भी माह में आरओएम 19.97 लाख टन, साल के किसी भी दिन में 71311 टन तथा साल की किसी भी पाली में एलसीएफ उत्पादन 45645 टन की अनुपम उपलब्धि हासिल की है । इन सभी उपलब्धियों के लिए मैं सभी को हार्दिक बधाई देता हूं। निश्चय ही ये आपके सतत प्रयास व अथक मेहनत से संभव हो पाया है।

किरंदुल परियोजना में इस माह निदेशक (उत्पादन) का आगमन हुआ। साथ ही  खान, पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह, स्वच्छता पखवाड़ा, अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस, सेंट्रलाईज लुब्रिकेशन सिस्टम एवं अत्याधुनिक जिम का उद्घाटन आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया गया ।

साथियों, आनेवाले वर्ष में हमें और तेज गति से एक जुटता के साथ, कार्यघंटों का सदुपयोग करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को हासिल करते हुए कंपनी के उत्तरोतर विकास में अपना निरंतर योगदान प्रदान करते रहना है ।

शुभकामनाओं के साथ ......

आपका,

विनय कुमार

(विनय कुमार)

## निदेशक (वित्त) को सीएमडी का कार्य प्रदत्त



दिनांक 13-3-2023 को निदेशक (वित्त) श्री अमिताभ मुखर्जी जी को एनएमडीसी कंपनी का अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक के रूप में अतिरिक्त प्रभार प्रदत्त किया गया । श्री मुखर्जी, भारतीय रेलवे लेखा सेवा (आईआरएएस) के 1995 बैच के अधिकारी हैं । वे कोस्ट एकाउटेंट भी हैं और उन्होंने गुरू घासीदास विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छ.ग.) से वाणिज्य में मास्टर डिग्री प्राप्त की है । निदेशक (वित्त) के रूप में उनके कार्यकाल के दौरान एनएमडीसी ने 25,882 करोड़ रूपये के टर्नओवर, 12,981 करोड़ रूपये के कर पूर्व लाभ (पीबीटी) और वित्त वर्ष 2022 में 9,398 करोड़ रूपए के कर पश्चात लाभ (पीएटी) के साथ कंपनी के इतिहास में अब तक का सबसे अच्छा वित्तीय प्रदर्शन दर्ज किया । उन्होंने ईआरपी (एस 4/हाना) के कार्यान्वयन का नेतृत्व किया तथा माइन ट्रांसपोर्टेशन एंड सर्विलांस प्रणाली, फ्लीट मैनेजमेंट प्रणाली जैसी अन्य डिजीटलीकरण पहल कर रहे हैं। एनएमडीसी में पदभार ग्रहण करने से पूर्व वे रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) में महाप्रबंधक (वित्त) के पद पर कार्यरत थे । आईआरएएस में अपनी सेवा के दौरान, उन्होंने पूर्व रेलवे में महत्वपूर्ण पद पर कार्य किया । आईआरएएस में कार्यग्रहण करने से पूर्व वे इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमि. में कार्यरत थे ।

## निदेशक (उत्पादन) का आगमन



दिनांक 10-3-2023 को परियोजना में श्री डी.के.मोहंती, निदेशक (उत्पादन) का आगमन हुआ । अतिथिगृह में श्री विनय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक ने पुष्पगुच्छ देकर उनका हार्दिक स्वागत किया ।

...पेज 3 पर जारी

## हमारे नए निदेशक (वाणिज्य)



वि सुरेश

श्री विश्वनाथ सुरेश ने 01 मार्च, 2023 को एनएमडीसी में निदेशक (वाणिज्य) का पदभार ग्रहण किया।

इस नियुक्ति से पूर्व श्री विश्वनाथ सुरेश जी सेल (SAIL) में अधिशासी निदेशक (कोयला आयात) के पद पर थे, जिसमें 15 एमटीपीए से अधिक आयातित कोयले की खरीद की जिम्मेदारी थी। उनके पास और अधिशासी निदेशक (कॉर्पोरेट सामग्री प्रबंधन) का अतिरिक्त प्रभार भी था।

खनन एवं विनिर्माण क्षेत्र में तीन दशकों से अधिक की लंबी सेवा के साथ, उनके करियर में घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में इस्पात की बिक्री और विपणन, खरीद, रणनीतिक प्रबंधन और नीति जैसे बहुमुखी क्षेत्रों में अनुभव शामिल हैं। वाणिज्यिक कौशल और नेतृत्व गुणों के कारण, उन्होंने प्रणाली सुधार, बिक्री और राजस्व को बढावा देने के लिए अनेक पहलें की। वह विभिन्न औद्योगिक सम्मेलनों में प्रायः मुख्य वक्ता रहते हैं।

श्री सुरेश राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, राउरकेला पूर्व में (आरईसी राउरकेला) के छात्र रहे हैं, जहां से उन्होंने मेटलर्जिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त की है। उन्होंने मार्केटिंग में बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (एमबीए) में मास्टर डिग्री और आईआईएम, कोझिकोड से एडवांस्ड स्ट्रेटेजिक मैनेजमेंट कोर्स में सर्टिफिकेट भी प्राप्त किया है।

## कार्मिक मामले

### सेवानिवृत्ति



श्री दल्लूराम शोरी
मा. एमसीओ



श्री के. साजी
मा. एचईएम (मेकानिक)

### स्थानांतरण

| | |
|---|---|
| डा.अनिल वाकपंजर, सीएमओ | किरंदुल से पन्ना |
| डा.ए.सुरेश कुमार रेड्डी, एसएमओ | किरंदुल से दोणिमलै |
| टी.हेमाद्री, सहा. महाप्रबंधक यां. | किरंदुल से पन्ना |
| सत्यनारायण मधुकर, मा.एचईएम मेके. | किरंदुल से रायपुर |
| सूरज कुमार नाग, टीसीओ | किरंदुल से बचेली |
| मनोज कुमार मरकाम, मेन्टे. असि. | किरंदुल से बचेली |

# निदेशक (उत्पादन) का आगमन

इसी प्रकार प्रेरणा महिला समिति की अध्यक्षा, श्रीमती बबिता विनय कुमार ने पुष्पगुच्छ देकर निदेशक महोदय का हार्दिक स्वागत किया । इसी तरह विभागाध्यक्षों, श्री के. साजी, अध्यक्ष, श्री राजेश संधू, सचिव, एसकेएमएस, श्री विनोद कश्यप, अध्यक्ष, श्री ए.के. सिंह, सचिव, एमएमडब्ल्यूयू, आफिसर्स एसो. एवं एससी-एसटी कर्म.कल्याण समिति ने भी पुष्पगुच्छ देकर निदेशक महोदय का स्वागत किया। अपने परियोजना प्रवास पर निदेशक ने किरंदुल-बचेली के विभागाध्यक्षों की बैठक ली और उत्पादन-उत्पादकता पर सविस्तार चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। खदान स्थित इलेक्ट्रीकल सब-स्टेशन का उद्घाटन किया। अंत में अतिथिगृह में पर्यावरण संतुलन हेतु वृक्षारोपण किया।























## खान, पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह

भारतीय खान ब्यूरो रायपुर के तत्वावधान में बीआईओएम किरन्दुल कॉम्प्लेक्स के द्वारा छठवाँ खान पर्यावरण व खनिज संरक्षण सप्ताह-2022-23 दिनांक 27-2-2023 से 05-3-2023 तक मनाया गया। दिनांक 04-03-2022 से 05-03-2022 तक परियोजना की खदानों, संयंत्रों एवं कॉलोनियों का निरीक्षण किया गया तथा आई.बी.एम. रायपुर के निरीक्षण दल सदस्यों द्वारा सेन्ट्रल व्यू पार्क में पौधारोपण किया गया। दिनांक 05-03-2023 को परियोजना विद्यालय में समापन एवं पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हुआ। सर्वप्रथम बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना की गई तत्पश्चात श्री संजय कोचर, महाप्रबंधक (खनन) ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि श्री एस.बी.सिंह, महाप्रबंधक (उत्पादन) एवं श्री राजाकुमार, महाप्रबंधक (संयंत्र), विशिष्ठ अतिथि श्री आर.सी. बेहरा, महाप्रबंधक सेल, श्री निलंजन सिन्हा (भूविज्ञान) नु.व्हो.को. सोनाडिह, श्री एम.के. वर्मा, सहा. प्रबंधक (खनन), अल्ट्राटेक सिमेंट लिमिटेड, श्री राजेश संधू, सचिव, एसकेएमएस, श्री विनोद कश्यप, अध्यक्ष, ए.के. सिंह, सचिव एमएमडब्ल्यूयू की गरिमामयी उपस्थिति रही।

सप्ताह के दौरान कर्मचारियों एवं गृहिणियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। श्री देबब्रत मंडल, प्रबंधक (पर्यावरण) ने कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन दिया।
























एनएमडीसी लिमिटेड
बैलाडीला आयरन ओर माईन किरन्दुल कॉम्प्लेक्स


प्रशिक्षण सुरक्षा एवं पर्यावरण विभाग
TRAINING, SAFETY & ENVIRONMENT DEPARTMENT

# अत्याधुनिक जिम का उद्घाटन

एनएमडीसी में फीट इंडिया अभियान के अन्तर्गत फिट किरंदुल कार्यक्रम के तहत श्री विनय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक ने किरंदुल प्रोजेक्ट में स्वस्थ किरंदुल के तहत परियोजना के कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों के लिए जिम-1 एवं जिम-2 का फिता काटकर उद्घाटन किया । अपने संबोधन में श्री विनय कुमार ने कहा कि हमारा उद्देश्य स्वस्थ किरंदुल, स्वस्थ एनएमडीसी है। व्यायाम करने से शारीरिक स्वास्थ्यता के साथ-साथ मानसिक, बौद्धिक शक्ति की वृद्धि भी होती है। आज भी भागमभाग जिंदगी में शरीर के लिए व्यायाम बहुत जरूरी है। उद्घाटन समारोह में सर्वश्री एस.बी. सिंह, महाप्रबंधक (उत्पादन), बी. के. माधव, उप महाप्रबंधक (कार्मिक) एस.के. कोचर, महाप्रबंधक (खनन), एम.श्रीनिवास महाप्रबंधक (संविदा), के साजी, अध्यक्ष एसकेएमएस यूनियन, ए.के. सिंह सचिव, एमएमडब्ल्यू यूनियन, के. वीर प्रकाश, उप महाप्रबंधक (सामग्री), एच.के. गुणावत, उप महाप्रबंधक (विद्युत), सुनील कुमार, उप महाप्रबंधक(प्रशि.सुरक्षा) अनिल कुमार उप महाप्रबंधक (खनन), डी, सिन्हा समप्र (कार्मिक), सहित विभागाध्यक्ष, केआरसी-1 एवं केआरसी-2 के सदस्य, परियोजना खेल सलाहकार समिति के सदस्यगण और यूनियन के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे। इन दोनों जिम्नेशियम में नई तकनीक के अत्याधुनिक वेटलिफ्टिंग के आयटम, वाकर, रनर, डम्मल्स, वेट प्लेटस इत्यादि रखे गए है। भविष्य में परियोजना स्थित सभी खेल मैदानों में खुले जिम का निर्माण भी किया जाएगा।















# स्वच्छ भारत पखवाड़ा

परियोजना में स्वच्छ भारत अभियान के तहत दिनांक 16 से 31 मार्च, 2023 तक मनाया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि श्री विनय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक ने प्रशासनिक भवन के प्रांगण में सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर श्री बी.के. माध्व, उप महाप्रबंधक (का.), श्री के.साजी, अध्यक्ष, एसकेएमएस उपस्थित थे । दिनांक 31-3-2023 को स्वच्छता पखवाड़ा का समापन समारोह परियोजना विद्यालय में संपन्न हुआ । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री विनय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक अपने संबोधन में सभी से अपने आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखने एवं उपनगर को भी साफ-सुथरा रखने की बात कही । कार्यक्रम में श्री बी.के.माधव, उप महाप्रबंधक (कार्मिक) ने स्वागत भाषण प्रस्तुत किया । श्री अभिजीत घोष, सहा.महाप्रबंधक (कार्मिक) ने स्वच्छता पखवाड़ा की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। पखवाड़ा के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया । वही विभागों के लिए आयोजित स्वच्छता प्रतियोगिता में माइनिंग विभाग को प्रथम, संयंत्र विभाग को द्वितीय एवं हास्पिटल को तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया । यह पुरस्कार विभागाध्यक्षों क्रमशः श्री अनिल कुमार, उप महाप्रबंधक (खनन), श्री आर.राजाकुमार, महाप्रबंधक (संयंत्र) एवं डा.एम.वी.लाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने मुख्य अतिथि के करकमलों से ग्रहण किया । कार्यक्रम में उपस्थित सर्वश्री एस.बी.सिंह, महाप्रबंधक (उत्पादन), सुब्रमण्यम, महाप्रबंधक (विद्युत), श्रीनिवास, महाप्रबंधक (अनुबंध), एस.चिकाटे, उप महाप्रबंधक (सीएंडआईटी) सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन श्री जयप्रकाश मुदुली, ईटी एवं सुश्री महक अरोरा, ईटी ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन श्री अभिजीत घोष, सहा.महाप्रबंधक (कार्मिक) ने किया ।





















## बैला क्लब होली मिलन

दिनांक 07-3-2023 की संध्या में बैला क्लब में होली मिलन समारोह मनाया गया। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख श्री विनय कुमार ने सपत्नीक श्रीमती बबिता विनय कुमार, अध्यक्षा, प्रेरणा महिला समिति संग होलिका की विधिवत पूजा कर आरती की। तत्पश्चात सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इसी प्रकार दिनांक 08-3-2023 को मुख्य महाप्रबंधक के बंगले पर होली मिलन समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष, आफिसर्स एसो. के श्री एच.के. घुणावत, सचिव, श्री बिपुल पांडे, ज्वाइंट सेक्रेटरी सहित क्लब के सदस्य व अधिकारीगण उपस्थित थे।












## लुब्रिकेशन सिस्टम

दिनांक 09-3-2023 को श्री एस.बी.सिंह, महाप्रबंधक (उत्पादन) ने 11/सी डाउनहिल में सेंट्रलाईज लुब्रिकेशन सिस्टम का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर श्री राजाकुमार, महाप्रबंधक, संयंत्र, एच.के. घुणावत, उप महाप्रबंधक (विद्युत) सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।










## इडली कुकिंग इक्यूपमेंट

दिनांक 02-03-2023 को 11 बी खदान के कैंटीन में नई इडली कुकिंग इक्यूपमेंट का उदघाटन श्री एस.बी. सिंह, महाप्रबंधक (उत्पादन), ने फिता काटकर किया। इस अवसर पर सर्व श्री एस के. कोचर, महाप्रबंधक (खनन), बी. सेल्वाकुमार, महाप्रबंधक (यांत्रिकि), विवेक कुमार, उप महाप्रबंधक (खनन), रामेश्वर पाण्डेय, प्रबंधक (का)/कल्याण अधिकारी, सीएमसी सदस्य राजेश सोनी, मो. यासीन उपस्थित थे । इस इक्यूपमेंट में एक बार में 120 इटली, 10 किलो चावल, 10 किलो दाल, 10 किलो सब्जी मात्र 15 मिनट में बनकर तैयार हो जाएगी । इस इक्यूपमेंट में खाद्य पदार्थ हाइजेनिक एवं पौष्टिक रहेगा । इक्यूपमेंट के लग जाने से कैंटीन कर्मचारियों एवं खदान कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया ।



## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

परियोजना प्रबंधन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन परियोजना विद्यालय के सभागार में धूमधाम से मनाया । मुख्य अतिथि श्रीमती बबिता विनय कुमार, अध्यक्षा, प्रेरणा महिला समिति एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती राखी सिंह, उपाध्यक्षा प्रेरणा महिला समिति, डा. मनीषा लाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, परियोजना चिकित्सालय, किरंदुल उपस्थित थी । सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित किया। तत्पश्चात महिलाओं द्वारा पुष्पगुच्छ देकर अतिथियों का हार्दिक स्वागत किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि ने महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए महिला सशक्तिकरण पर अपने वक्तव्य दिए । महिलाओं को उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी और उनके हक-अधिकारों को बताया। इसी प्रकार डा. मनीषा लाल एवं श्री ए. बिस्वास, प्राचार्य ने भी महिलाओं को संबोधित किया । कार्यक्रम के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हुई । विजेता प्रतिभागियों को मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों ने पुरस्कृत किया । अंत में महिला कर्मचारियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए । कार्यक्रम में प्रेरणा महिला समिति की श्रीमती राधा, श्रीमती इंद्रा माधव, श्रीमती पूर्णिमा अनिल कुमार सहित परियोजना में कार्यरत महिला कर्मचारी श्रीमती अलका सिंह, प्रबंधक (कार्मिक), श्रीमती नीतू देवांगन, उप प्रबंधक (सामग्री), सुश्री हेमलता अमेसर, उप प्रबंधक (वित्त), श्रीमती ईशा श्रीवास्तव, कनि. प्रबंधक (सामग्री), श्रीमती रीता कीर्तोनिया, श्रीमती भुवनेश्वरी, श्रीमती संगीता लूनिया, श्रीमती सरस्वती नायर, श्रीमती सुमन विनोद, श्रीमती ए. रेखा, श्रीमती बीना यादव, श्रीमती विल्सी, श्रीमती दीपिका, श्रीमती चंपिका, श्रीमती गीता पाण्डे, श्रीमती पुष्पलता, श्रीमती हेमलता देवांगन, श्रीमती बी. शोभा, श्रीमती कांता झाड़ी, श्रीमती सविता कर्मा, श्रीमती लिपि, कु. साई सुधा, कु. मोनिला ठाकुर, कु. भाग्यलक्ष्मी, कु. बंसती नाग, कु. जगवंतिन सहित ईटी कर्मचारी महिलाएं, चिकित्सालय के महिला डाक्टर्स व नर्सेस व विद्यालय की सभी शिक्षिकाएं उपस्थित थीं । कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी महिला कर्मचारियों एवं कार्मिक विभाग के कर्मचारियों एवं अधिकारियों का भरपूर सहयोग रहा । कार्यक्रम का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन श्रीमती अनुपमा भद्र, वरिष्ठ शिक्षिका, परियोजना विद्यालय ने किया ।


















NMDC Limited
Women's Day
8 March 2023






NMDC Limited
Women's Day
8 March 2023

## प्रेरणा महिला समिति

### वार्षिकोत्सव

दिनांक 22-1-2023 को बैला क्लब में प्रेरणा महिला समिति का वार्षिक उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि परियोजना प्रमुख श्री विनय कुमार थे । सर्वप्रथम अतिथि का पुष्पगुच्छ देकर हार्दिक स्वागत किया गया । इस अवसर पर अध्यक्षा, श्रीमती बबीता विनय कुमार, उपाध्यक्षा, श्रीमती राखी सिंह, सचिव श्रीमती गौतम बंसोड़, श्रीमती रूपा कोचर, श्रीमती राधा सेल्वाकुमार, श्रीमती पूर्णिमा अनिल कुमार, श्रीमती इन्द्रा माधव, श्रीमती दीप्ती चौधरी, श्रीमती सोमा जनार्दन, श्रीमती नीता दसोरा समिति सदस्य और क्लब की अन्य सदस्याएं उपस्थित थीं । सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया । विविध रंगीला कार्यक्रम जेसे गिद्दा, झांसी की रानी का नृत्य, राजस्थानी नृत्य और कव्वाली आदि का समावेश था । सभी सदस्यों को मुख्य महाप्रबंधक श्री विनय कुमार द्वारा भेंट वस्तु दी गई ।

























## होली मिलन

प्रेरणा महिला समिति में रंगों का पर्व होली धूमधाम से मनाई गई। श्रीमती बबिता विनय कुमार, अध्यक्षा ने अपनी समिति सदस्याओं के साथ होली पर्व मनाया। सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। इस दौरान समिति की सदस्याएं उपस्थित थीं।










## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

प्रेरणा महिला समिति द्वारा बैला क्लब में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गय। श्रीमती बबिता विनय कुमार, अध्यक्षा ने केक काटकर सभी सदस्याओं को महिला दिवस की बधाई दी। इस दौरान श्रीमती राखी सिंह, उपाध्यक्षा सहित अन्य सदस्याएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम में विभिन्न खेलकूद भी आयोजित किए गए। सभी ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।


















## विदाई समारोह

दिनांक 26-3-2023 को बैला क्लब में प्रेरणा महिला समिति की ओर से श्रीमती बबिता विनय कुमार, अध्यक्षा ने श्रीमती सोमा जनार्दनन, प्राचार्य, मां दंतेश्वरी प्रौढ़ शिक्षा केंद्र को पुष्पगुच्छ भेंट कर भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । इस दौरान श्रीमती प्रियंका विवेक कुमार को प्रौढ़ शिक्षा केंद्र का प्रभार सौंपा गया । श्रीमती राखी सिंह, उपाध्यक्षा, श्रीमती गौतमी बंसोड़, सचिव, प्रेरणा महिला समिति सहित अन्य सदस्याएं भी उपस्थित थीं ।







## प्रौढ़ शिक्षा केंद्र

दिनांक 18-3-2023 को प्रेरणा महिला समिति द्वारा संचालित मां दंतेश्वरी प्रौढ़ शिक्षा केंद्र में विदाई समारोह का आयोजन हुआ । श्रीमती बबिता विनय कुमार, अध्यक्षा, प्रेरणा महिला समिति ने केंद्र प्राचार्य श्रीमती सोमा जनार्दनन को पुष्पगुच्छ भेंट कर भावभीनी विदाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । इसी क्रम में श्रीमती बबिता विनय कुमार ने पुष्पगुच्छ भेंट करते हुए श्रीमती प्रियंका विवेक कुमार को केंद्र की नई प्राचार्य का कार्य सौंपा । कार्यक्रम में श्रीमती राखी सिंह, उपाध्यक्षा भी उपस्थित थीं । विदाई समारोह में केंद्र के प्रशिक्षार्थियों ने मधुर गीत प्रस्तुत किए ।











## विद्यालय समाचार

### विद्या मंदिर नर्सरी स्कूल

दिनांक 19-02-2023 को विद्यार्थियों के लिए स्कूल पिकनिक आयोजित की गई। किरंदुल स्थित मिलेनियम मार्क में शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों को प्राकृतिक सौंदर्य, पक्षियों व पेड़-पौधों की जानकारी दी गई। इस दौरान बच्चों ने नौकाविहार का आनंद लिया और प्रकृति को करीब से देखा। पिकनिक में उनके लिए विभिन्न खेलकूद हुए सुदंर गार्डन देख बच्चें प्रफुल्लित हुए। बच्चों के लिए भोजन की व्यस्था की गई थी। पिकनिक के दौरान श्रीमती बबिता विनय कुमार, अध्यक्षा, प्रेरणा महिला समिति भी अपनी सदस्याओं के साथ उपस्थित थीं। सभी ने पिकनिक का आनंद लिया।






### बीआईओपी स्कूल

परियोजना विद्यालय में विद्यार्थियों ने प्रबंधन द्वारा स्वच्छ भारत पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित वाक प्रतियोगिता में कु. सृष्टि मेहर, मा. ऐलन जोसेफ एवं कु. प्रज्ञा वैद्य ने स्थान प्राप्त किए। इसी प्रकार चित्रकला में मा. आशीष नाग, मा. रवीन्द्र एवं मा. शिवम सिंह ने स्थान प्राप्त कर पुरस्कार ग्रहण किए।

विद्यालय में सत्र 2023-24 हेतु कक्षा पहली से नव प्रवेशी बच्चों की विधिवत रोली-तिलक लगाकर आरती उतारी गई और उन्हें पेंसिल, रबर, कापी प्रदान कर आशीर्वाद दिया गया। शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य कर कामना की।






## भारत माता महिला जागरण समिति

दिनांक 16-3-2023 को समिति द्वारा संचालित मॉडल स्कूल का वार्षिकोत्सव, मंगल भवन में मनाया । मुख्य अतिथि श्री विनय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती बबिता विनय कुमार, अध्यक्षा, प्रेरणा महिला समिति, श्री बी.के. माधव, उप महाप्रबंधक (कार्मिक) एवं श्रीमती इंद्रा माधव के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ । इस अवसर पर संस्था की संस्थापक श्रीमती जयश्री श्रीवास्तव उपस्थित रहीं, जिन्होंने 35 वर्ष पूर्व इस संस्था की नींव रखी थीं । कार्यक्रम में श्री पी.एल.वर्मा, प्राचार्य, डीएवी, श्री ए.के. पाण्डेय, प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय सहित अभिभावकगण उपस्थित थे। श्री एस.आर.नाग, संस्था अध्यक्ष, श्रीमती अंजली नाग, उपाध्यक्ष एवं संस्था के कार्यकर्ता व शिक्षिकाएं श्रीमती रतनी मण्ड़ावी, श्रीमती गायत्री बघेल, कु. दयावती यादव, कु. सीता यादव, श्रीमती सरिता साहु, कु. दन्तेश्वरी, श्रीमती प्रतिक्षा यादव, श्री विजय कुमार यादव, श्रीमती मानकुमारी प्रधान, श्रीमती हिरदई करताम, श्रीमती फुलेश विश्वकर्मा, श्रीमती ललिता नाग, उपस्थित थे। मंच संचालन श्री अजय झा, शिक्षक, डीएवी स्कूल ने किया जबकि श्रीमती अंजलि नाग ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।


















## बधाईयां

माह मार्च, 2023 में परियोजना ने अब तक के किसी भी साल, माह, दिवस एवं पाली के दौरान किसी भी साल की सबसे अधिक निष्पादन कर नया कीर्तिमान स्थापित किया है :

### किसी भी साल में

| क्र. | विवरण | उपलब्धि (लाख टन) | पिछला सर्वश्रेष्ठ (लाख टन) |
|---|---|---|---|
| 1 | कुल उत्खनन | 175.77 | 169.86 (2021-22) |
| 2 | आर.ओ.एम. उत्पादन 11 बी | 55.75 | 50.53 (2021-22) |
| 3 | वेस्ट उत्खनन 11 बी | 13.45 | 9.99 (2021-22) |
| 4 | कुल उत्खनन 11 बी | 69.20 | 60.52 (2021-22) |
| 5 | एसपी-1 उत्पादन | 74.48 | 65.08 (2021-22) |

### किसी भी माह में

| क्र. | विवरण | उपलब्धि (लाख टन) | पिछला सर्वश्रेष्ठ (लाख टन) |
|---|---|---|---|
| 1 | आर.ओ.एम. उत्पादन | 19.97 | 18.34 (मार्च - 2021) |
| 2 | कुल उत्खनन | 22.73 | 20.11 (मार्च - 2021) |
| 3 | एल.सी.एफ. उत्पादन | 20.82 | 19.90 (मार्च - 2021) |
| 4 | आर.ओ.एम. उत्पादन 11 बी | 7.70 | 7.14 (मार्च - 2021) |
| 5 | कुल उत्खनन 11 बी | 8.27 | 8.09 (मार्च - 2021) |
| 6 | एसपी-1 उत्पादन | 10.06 | 9.14 (मार्च - 2021) |

### किसी भी एक दिवस में

| क्र. | विवरण | उपलब्धि (टन) | पिछला सर्वश्रेष्ठ |
|---|---|---|---|
| 1 | आर.ओ.एम. उत्पादन 11 सी | 71311 (31.3.2023) | 70565 (31.3.2021) |
| 2 | एसपी - I एंड II उत्पादन | 111695 (30.3.2023) | 109895 (31.3.2022) |
| 3 | एसपी - II उत्पादन | 63795 (30.3.2022) | 60350 (31.3.2022) |

### किसी भी एक पाली में

| क्र. | विवरण | उपलब्धि (टन) | पिछला सर्वश्रेष्ठ |
|---|---|---|---|
| 1 | एलसीएफ उत्पादन | 45645 (30.3.2023) | 43850 (31.3.2021) |
| 2 | एसपी-II उत्पादन | 25620 (30.3.2022) | 24110 (30.3.2022) |

इस उपलब्धि हेतु सभी को हार्दिक बधाई।

## राजभाषा गतिविधियां



दिनांक 05-3-2023 को राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसी क्रम में राजभाषा मासिक कार्यक्रम के तहत कर्मचारियों व अधिकारियों के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें पर्याप्त संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। परिणाम निम्नवत है :

हिंदी भाषी विजेता प्रतिभागी का नाम

| क | प्रतिभागी का नाम | विभाग | प्राप्त स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | पी.एल.साहू सहायक | खनन | प्रथम |
| 2 | नीरज किस्पोटो, सहायक | यां.सेवाएं | द्वितीय |
| 3 | चन्द्रप्रकाष कौषिक,सहायक | वित्त | तृतीय |
| 4 | निर्मला पटेल, सीनि.नर्स | चिकित्सालय | सांत्वना |

हिंदीतर भाषी विजेता प्रतिभागी का नाम

| क | प्रतिभागी का नाम | विभाग | प्राप्त स्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | डी.श्रीनिवास राव, सहायक | वित्त | प्रथम |
| 2 | बी.संजय, आषुलिपिक | वित्त | द्वितीय |
| 3 | कांता झाड़ी,कनि.अधिकारी | वित्त | तृतीय |
| 4 | सुधीर गायकवाड़, प्रबंधक | भूविज्ञान | सांत्वना |

## गवेषणात्मक ड्रिलिंग गतिविधियां

ग्लोबल एक्सप्लोरेशन सेंटर (जीईसी), रायपुर की ड्रिलिंग क्रू अत्याधुनिक क्रावलर माउंटेड वायर लाईन एक्सप्लोरेट्री डायमंड कोर ड्रिलिंग रिग एवं परंपरागत प्रणाली के ड्रिलिंग रिग की जुगलबंदी में किरंदुल माइन्स में खनिज भंडार के गवेषण एवं खान की लाईफ के पूर्णतः वैज्ञानिक निर्धारण में सतत संलग्न है ।

वर्ष 2022-23 में गवेषणात्मक ड्रिलिंग के किरंदुल खान समूह के वार्षिक लक्ष्य 4300 मीटर के विरूद्ध 4349 और निगम के वार्षिक लक्ष्य 12000 मीटर के विरूद्ध 12150 हासिल किए ।

श्री पद्मनाभ नाईक, मुख्य महाप्रबंधक, जीईसी, रायपुर के कुशल निर्देशन में ड्रिलिंग क्रू मेम्बर्स सर्वश्री ओ.पी.साहू, समप्र (यांत्रिकी), सलिल अग्निवंशी, वरि.प्र. (यां,) हिमांशु पुडीर, विवेक कुमार शर्मा, देवसिंह मरकाम, सुनील तालकदार, सुनील पटेल, उमाशंकर, राजू कुमार साहू, बसंत कुमार, प्रबीर बरही, शंकर यादव, बंशीधर सेठिया एवं धर्मेन्द्र दयाल इत्यादि हैं ।

श्री रितायन गोस्वामी, समप्र (भू-विज्ञान) किरंदुल परियोजना के नेतृत्व में भू-गर्भ वैज्ञानिकगण सर्वश्री पंकज तिवारी, सुनील राणा एवं अभिषेक श्रीवास्तव की टीम कार्य कर रही हैं ।

श्री पद्मनाथ नाईक ने बताया कि मुख्यालय, परियोजना एवं जीईसी, रायपुर के प्रबंधन की सतत निगरानी में यह प्रदर्शन कुशल ड्रिल प्रचालकों की मेहनत और लगन एवं क्रू सदस्यों के बीच समन्वयन, सहयोग है । इस उल्लेखनीय उपलब्धियों पर श्री एस.बी.सिंह, महाप्रबंधक (उत्पादन) ने हर्ष व्यक्त किया । इस ऐतिहासिक प्रदर्शन पर श्री विनय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक ने सभी को बधाई देते हए ड्रिल मशीनों का परियोजना में तैनानी से खनिज भंडार की क्षमता में बढोतरी और आईबीएम के मानदंडों के अनुरूप ड्रिलिंग लक्ष्यों को हासिल किया गया ।





## शहीद दिवस

दिनांक 23-03-2023 को एमएमडब्ल्यू यूनियन, किरंदुल द्वारा शहीदी दिवस के अवसर पर अमर शहीद भगत सिंह, राजगुरू एवं सुखदेव जी को इंटक भवन में श्रद्धांजलि अर्पित की गई । सर्वप्रथम श्री विनोद कश्यप, अध्यक्ष एवं श्री ए.के. सिंह, सचिव, एमएमडब्ल्यू यूनियन ने शहीदों के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए शहीदों की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर यूनियन के सभी सदस्यगण उपस्थित थे ।



## छत्तीसगढ़ क्लब में होली मिलन

छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा मण्डल किरंदुल में होली का मिलन समारोह हुआ। होलिका दहन पश्चात रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई और फाग गीत गाएं। सचिव, श्री पी.एल साहू ने सभी अतिथियों को होली की शुभकामनाएं दी। मुख्य अतिथि श्री विनय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक ने सभी को होली की बधाई देते हुए अपने उदबोधन में आपसी भाईचारा को रखते हुए एनएमडीसी के उत्पादकता को बरकरार रखने की अपील की । इस दौरान श्री एस.बी.सिंह, महाप्रबंधक (उत्पादन), श्री एस.के. कोचर, महाप्रबंधक, (खनन), श्री आर राजकुमार, महाप्रबंधक (संयंत्र), श्री विनोद कश्यप, अध्यक्ष, श्री ए.के. सिंह, सचिव एमएमडब्ल्यू यूनियन किरंदुल के साथ कर्मचारी तथा नगरवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री हलदल पटेल, श्री लोकनाथ, श्री जगदेव राम श्री बी.एल तारम, श्री डागेन्द्र वर्मा, श्री देवेन्द्र साहू श्री पिलेश्वर निषाद, श्री पतिराम बघेल श्री शिवकुमार भूआर्य, श्री कल्यांण रावटे, श्री दिलीप सिंह ठाकुर, श्री टेकराम,श्री दिलीप ठाकुर आदि का सहयोग रहा ।







## सुआ लोक नृत्य

दिनांक 23-03-2023 को एमएमडब्ल्यू यूनियन,किरंदुल द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में स्थानीय फुटबाल मैदान में नारी सशक्तिकरण एवं जागरूकता लाने हेतु सामूहिक सुआ नृत्य का भव्य आयोजन किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती बबिता विनय कुमार, अध्यक्षा, प्रेरणा महिला समिति एवं विशिष्ट अतिथि श्रीमती राखी सिंह, उपाध्यक्षा, प्रेरणा महिला समिति, श्रीमती गौतमी बंसोड़, सचिव, श्रीमती राधा सेल्वाकुमार, श्रीमती इंदिरा माधव, डा.मनीषा लाल उपस्थित थीं । सर्वप्रथम मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलन किया गया। श्रीमती भुवनेश्वरी द्वारा स्वागत भाषण एवं छाया वेल्डन, अनुपमा भ्रद, मरियम्मा,सविता कर्मा, उर्वशी, अंकिता, प्रिया एवं प्रीति ने स्वागत गीत प्रस्तुत किए। महिलाओं द्वारा नारी के वर्तमान स्थितियों पर प्रकाश डालते हुए छत्तीसगढ़ी लोक नृत्य सुआ का इतिहास बताया गया । कु. सुशीला भास्कर के निर्देशन में बेहद आकर्षक छत्तीसगढ़ी सुआ लोक नृत्य में करीब 160 महिलाओं ने भाग लेकर अपनी प्रस्तुती दी। कार्यक्रम में साहू, हल्बा, गोंडवाना, कुर्मी, बौद्ध, छोटा नागपुर समाज की महिलाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया ।

आयोजक यूनियन के श्री विनोद कश्यप, अध्यक्ष एवं श्री ए.के. सिंह, सचिव द्वारा संयुक्त हस्ताक्षरित राशि 31,101/- रूपए का चेक मुख्य अतिथि के करकमलों से महिलाओं के उत्साहवर्धन हेतु प्रदान किया । धन्यवाद ज्ञापन जी. मरियम्मा ने किया । कार्यक्रम को सफल बनाने में यूनियन के समस्त मातृशक्तियों, पदाधिकारियों एवं सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा ।









## खेल गतिविधियां

दिनांक 24-2-2023 से 26-2-2023 तक रायपुर में छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय 40 प्लस बालीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन हुआ । इस प्रतियोगिता में राज्य की लगभग 22 टीमों ने भाग लिया । एनएमडीसी लिमि. की महत्वपूर्ण परियोजना, किरंदुल के कर्मचारी खिलाड़ियों सर्वश्री एंकटेश्वर राव, वाय. ईश्वरैया, हरीश राय, सुनील ठाकुर, महेन्द्र कुमार, प्रेम प्रकाश बघेल, टीकचंद दुर्गा, आशीष शिंदे, जी.के. देवांगन एवं शैलेष रथ ने भाग लिया और अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में चौथा स्थान प्राप्त किया । इस उपलब्धि हेतु परियोजना के श्री एस.बी.सिंह, महाप्रबंधक (उत्पादन)/अध्यक्ष, क्रीडा सलाहकार समिति ने सभी खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई दी ।





## राज्य सरकार को राशि प्रदत्त

किरन्दुल परियोजना द्वारा मार्च 2023 में छत्तीसगढ़ राज्य सरकार को राशि उपलब्ध कराई गई है, जिसका ब्यौरा इस प्रकार है :-

(राशि : करोड़ रुपये में)

| | |
|---|---|
| रायल्टी | 248.80 |
| जिला खनिज निधि | 74.64 |
| नेशनल मिनरल एक्सप्लोरेशन ट्रस्ट | 4.97 |
| एनवायरमेंट | 4.36 |
| इंफ्राटेक्चर | 4.36 |

## उत्पादन एवं प्रेषण की स्थिति (लाख टन में) मार्च, 2023

| उत्खनन | लक्ष्य | वास्तविक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| आर.ओ.एम. | 17.40 | 19.97 | 115% |
| वेस्ट उत्खनन (रिपोर्टेड) | 4.85 | 2.23 | 45% |
| कुल | 22.25 | 22.20 | 100% |

| उत्पादन | लक्ष्य | वास्तविक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| बैला लम्प | 2.60 | 5.17 | 199% |
| सी.एल.ओ. | 3.65 | 1.76 | 48% |
| फाईन (स्लाईम सहित) | 15.80 | 13.89 | 88% |
| कुल | 22.05 | 20.82 | 94% |

| प्रेषण | लक्ष्य | वास्तविक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| बैला लम्प | 2.75 | 3.17 | 115% |
| सी.एल.ओ. | 3.17 | 1.52 | 40% |
| फाईन (स्लाईम सहित) | 14.95 | 11.05 | 74% |
| कुल | 21.50 | 15.74 | 75% |

स्रोत : औद्योगिक अभि. विभाग, किरन्दुल

एन एम डी सी

संपादक : संजय पाटील, सहायक महाप्रबंधक (राभा)

एनएमडीसी लिमिटेड, बैलाडीला आयरन ओर माईन, किरन्दुल काम्प्लेक्स

NMDC

जिला-दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, छत्तीसगढ़, पिन-494556 द्वारा प्रकाशित एवं के. रघु राव, किरन्दुल द्वारा मुद्रित